सेवा में,

मा० मुख्यमंत्री जी
उत्तर प्रदेश सरकार।

विषय: जिला पंचायत जौनपुर में टेंडर पूल कराके फर्जी/डुप्लीकेट रवन्ना के आधार पर जिला पंचायत कार्यालय जौनपुर द्वारा दिनांक 03.07.2021 से लेकर आज तक किए गए भुक्तान में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण खनन विभाग को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति की गहन जांच हेतु प्रार्थना पत्र।

आदरणीय महोदय,

प्रार्थी कृपा शंकर यादव पुत्र अजय कुमार यादव ग्राम कदम रसूल हुसैनाबाद थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर का निवासी है। सादर अवगत कराना है कि जिला पंचायत, जौनपुर के कार्यालय द्वारा सार्वजनिक व जनहित के कार्यों के सापेक्ष निविदाएं आमंत्रित की जाती रही हैं परंतु उन निविदाओं का प्रकाशन व विज्ञापन मात्र एक खानापूर्ति बनकर रह गया है।निविदा कार्य का आवंटन जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने पति जोकि जनपद में एकाधिकार व वर्चस्व रखने वाले अपराधी संप्रति राजनेता श्री धनंजय सिंह के करीबी व विश्वासपात्र गुर्गों को ही किया जाता रहा है।उक्त विख्यात राजनेता जोकि अपनी पुरानी अपराधिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई के गैंग के महत्वपूर्ण सक्रिय गुर्गा हैं तथा उनके कारनामे अक्सर ही समाचार पत्रों द्वारा आमजन मानस को सुलभ होते रहते हैं। श्रीमान जी वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष की कार्य प्रणाली को इंगित करने के पूर्व उनकी पृष्ठभूमि से अवगत होना आवश्यक था, जिस कारण वह निडरता पूर्वक नियम कानून को ताक पर रखते हुए स्वेच्छाचरिता से कथित लोकहित में कार्य कर रही हैं। यथा नियमानुसार जिला पंचायत द्वारा आवंटित कोई भी कार्य जिसका मूल्य ₹1000000/- से कम है में निविदा ऑफ लाइन होती है मात्र जिला पंचायत अध्यक्ष एवम धनंजय सिंह की इच्छा/ विशेषाधिकार एवं उनका कृपा पात्र होना ही विशेष अहर्ता होती है और कार्य आवंटित कर दिया जाता है परंतु जहां पर किसी कार्य का मूल्य ₹ 1000000/- से अधिक होता है वहां पर धनंजय सिंह के द्वारा टेंडर पूल कराके कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को ही कार्य का आवंटन किया जाता है। वर्तमान जिला पंचायत के सत्तारूढ़ होने से पूर्व जिला पंचायत के कार्यों के सापेक्ष टेंडर स्वतंत्र रूप से डाले जाते थे किंतु अब धनंजय सिंह के भय के चलते केवल विशिष्ट व्यक्ति ही टेंडर डालते हैं। जुलाई 2021 के पूर्व के एक दो वर्षों के जिला पंचायत के कार्यों के सापेक्ष व वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष के सत्तारूढ़ होने के बाद डाले गए टेंडरों के विश्लेषण से उपरोक्त आरोप पूर्ण रूप से परिलक्षित होता है। श्रीमान जी वर्ष 2021 में जिला पंचायत अध्यक्ष जौनपुर के पद पर आरूढ़ होने के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक नियम/प्रावधानों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से विशेष लोगों को कार्य आवंटन के साथ साथ उनका भुक्तान जिला पंचायत कार्यालय द्वारा एक ही रवन्ना की प्रति पर अनेकों बार किया जाता रहा है तथा कुछ मामलों में फर्जी रमन्ना तैयार करके भुगतान कर दिया गया है जिसमें अध्यक्ष व अपर मुख्य अधिकारी के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी व अधीनस्थ अभियंताओं व कर्मचारियों की

भूमिका समानांतर रही है। माफिया धननंजय सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष के भय व आर्थिक भ्रष्टाचार के चलते लगातार फर्जी रवन्ना लगाकर वर्तमान जिला पंचायत कार्यकारणी ने पूर्व में मानकों के विपरीत कराए गए कार्यों के सापेक्ष भी करोड़ों का भुक्तान कर दिया है। वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष जौनपुर व धनंजय सिंह के द्वारा टेंडर पूल कराके सर्वप्रथम अपने चहेतों को कार्य आवंटित कर दिया गया उसके पश्चात फर्जी/डुप्लीकेट रवन्ना के आधार पर मानकों के विपरीत किए गए कार्यों के सापेक्ष भुगतान करके खनन विभाग, जीएसटी विभाग एवम जिला पंचायत विभाग को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है। इस प्रकार वर्तमान जिला पंचायत कार्यकारणी द्वारा फर्जी रवन्ना के आधार पर किए गए करोड़ों रुपए का भुगतान की गहन जांच न्यायोचित होगी। प्रार्थी आपको विश्वास दिलाता है कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवम लारेंस विश्नोई के गुर्गे धनंजय सिंह की भूमिका तथा दुरभि संधि एवं भ्रष्टाचार में उनकी संलिप्तता का प्रमाण जांच की शुरुवात में ही मिल जायेगा।

अतः श्रीमान जी से प्रार्थना है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा टेंडर पूल कराके अपने चहेतों को कार्य आवंटित कर फर्जी/डुप्लीकेट रवन्ना के आधार पर जिला पंचायत कार्यालय जौनपुर द्वारा दिनांक 03.07.2021 से लेकर आज तक किए गए भुक्तान में व्याप्त भ्रष्टाचार के द्वारा करोड़ों रुपए के खनन विभाग को हुई राजस्व की क्षति की गहन जांच हेतु आदेश पारित करने की कृपा करें जिससे शासकीय धन की बर्बादी व आमजन के हितों की रक्षा हो सके तथा भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारीयों की जवाबदेही तय हो तथा उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्जकर विधिक कार्रवाई हो सके। महान कृपा होगी। प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा।

सादर

30/07/2023

प्रार्थी

Kripa Shankar Yadav
S/o Ajay Kumar Yadav
8418840153